1080513 - B2

विद्यार्थी उत्तर-पुस्तिका में मुख पृष्ठ पर कोड नं. अवश्य लिखें।

Class - X
कक्षा - X

HINDI
हिन्दी

(Course B)
(पाठ्यक्रम ब)

निर्धारित समय : **3** घंटे] [अधिकतम अंक : **80**

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **14** हैं।
- प्रश्न-पत्र में बाएँ हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **18** प्रश्न हैं।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए **15** मिनट का समय दिया गया है। इस अवधि के दौरान छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

निर्देश :

(i) इस प्रश्न-पत्र के **चार** खंड हैं — **क, ख, ग** और **घ**।

(ii) चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना **अनिवार्य** है।

(iii) यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर **क्रमानुसार** दीजिए।

खंड 'क'

1. पिता की कैंसर की बीमारी, पढ़ाई का खर्चा, घर का खर्चा भी भोले भाले शंकर के कंधों के लिए असहनीय हो रहा था । लेकिन अंगद के पाँव की भाँति सुदृढ़ विचारों वाले शंकर ने ठान ली कि वह बापू के इलाज में कोई कमी नहीं रहने देगा । चाहे उसे भूखा ही क्यों न रहना पड़े । सुबह सवेरे की वह ट्यूशन करने के लिए निकल पड़ता । घर आकर कुछ समय वह अपनी भी पढ़ाई करता, फिर दस बजे स्कूल पहुँच जाता । गर्मियों में ट्युशन पर स्कूल की छुट्टी के बाद ही जाता । इतना अधिक काम का बोझ, अपर्याप्त खुराक से खूबसूरत स्मार्ट शंकर धीरे-धीरे बुझे हुए टिम-टिम करते दीपक सा लगने लगा । उसका उदास चेहरा, सूनी आँखें देखकर माँ का दिल बार-बार रोता । उसकी यह दयनीय हालत देखकर सहृदय प्रिंसीपल के मन में शंकर के प्रति अगाध प्रेम और दया का सागर हमेशा ही हिलोरें लिया करता था । वे किसी न किसी रूप में शंकर की सहायता चाहते थे ।

उपर्युक्त गद्यांश के आधार पर सही विकल्पों को चुनकर लिखिए :

(क) भोले शंकर के लिए क्या असहनीय हो रहा था ? **1**

(i) पिता की बीमारी, पढ़ाई का खर्चा, घर का खर्चा

(ii) पिता की बीमारी और माँ का उदास चेहरा

(iii) पिता की वृद्धावस्था

(iv) पिता की बीमारी का इलाज

(ख) शंकर ने क्या ठान ली ? **1**

(i) बापू का पूरा ध्यान रखेगा ।

(ii) बापू को अस्पताल में भर्ती करवाएगा ।

(iii) बापू के लिए पैसे कमाएगा ।

(iv) बापू के इलाज में कोई कमी न रहने देगा ।

(ग) धीरे-धीरे शंकर की क्या हालत हो गई ? **1**

(i) पढ़ाई छोड़नी पड़ी ।

(ii) चिड़चिड़ा हो गया ।

(iii) बीमार हो गया ।

(iv) बुझे हुए दीपक-सा लगने लगा ।

(घ) शंकर की माँ का दिल क्यों रोता था ? **1**

(i) शंकर का कमजोर शरीर देखकर

(ii) शंकर का उदास चेहरा और सूनी आँखें देखकर

(iii) शंकर का परिश्रम देखकर

(iv) शंकर की छूटती पढ़ाई देखकर

(ङ) प्रिंसीपल के मन में शंकर के प्रति क्या भाव आए ? **1**

(i) गर्व का भाव

(ii) अगाध प्रेम और दया का भाव

(iii) मित्रता का भाव

(iv) अपनेपन का भाव

2. अपठित गद्यांश

महर्षि अरविन्द लिखते है – 'शिक्षा का कार्य आत्मा को विकसित करने में सहायता देना है ।' अर्थात् शिक्षा से हमारा सम्पूर्ण व्यक्तित्व प्रभावित होता है । गाँधीजी के अनुसार ''शिक्षा से मेरा अभिप्राय है बच्चे की सम्पूर्ण शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक शक्तियों का सर्वांगीण विकास । साक्षरता न तो शिक्षा का अन्त है और न आरम्भ ।'' शिक्षा मनुष्य को मस्तिष्क और शरीर का उचित प्रयोग करना सिखाती है । वह शिक्षा जो मनुष्य को पाठ्य पुस्तकों के अतिरिक्त कुछ गंभीर चिन्तन न दे, व्यर्थ है । यदि हमारी शिक्षा सुसंस्कृत, सभ्य सच्चरित्र एवं अच्छे नागरिक नहीं बना सकती तो उससे क्या लाभ ? सहृदय, सच्चा परन्तु अनपढ़ मजदूर उस स्नातक से कहीं अच्छा है जो निर्दयी और चरित्रहीन है । हमारे कुछ उत्तरदायित्व व अधिकार भी हैं। शिक्षित व्यक्ति को उत्तरदायित्वों का भी उतना ध्यान रखना चाहिए जितना अधिकारों का ।

उपरोक्त गद्यांश को पढ़कर सही विकल्प को चुनकर लिखिए –

(क) शिक्षा मनुष्य को उचित प्रयोग सिखाती है – **1**

(i) मस्तिष्क और शरीर का

(ii) किताबों का

(iii) भावनाओं का

(iv) शब्दों का

(ख) जो शिक्षा गंभीर चिन्तन न दे वह – **1**

(i) उचित हैं

(ii) व्यर्थ है

(iii) लाभकारी है

(iv) फलदायक है

(ग) कैसी शिक्षा मनुष्यों के लिए लाभकारी है – **1**

(i) जो मनुष्य को निर्दयी बनाए

(ii) जो मनुष्य को असभ्य बनाए

(iii) जो मनुष्य को सुसंस्कृत बनाए

(iv) जो मनुष्य को स्वार्थी बनाए

(घ) जो चरित्रहीन स्नातक है उससे अच्छा कैसा व्यक्ति है? **1**

(i) अनपढ़ मज़दूर

(ii) पढ़ा लिखा किसान

(iii) रईस व्यक्ति

(iv) स्वार्थी व्यक्ति

(ङ) शिक्षित व्यक्तियों को अधिकारों के अतिरिक्त और किस बात का ध्यान रखना चाहिए ? **1**

(i) धन का

(ii) पद का

(iii) कर्तव्य का

(iv) उत्तरदायित्व का

3. अपठित काव्यांश

ज्यों निकलकर बादलों की गोद से
थी अभी इक बूंद कुछ आगे बढ़ी ।
सोचने फिर-फिर यही जी में लगी
आह ! क्यों घर छोड़कर मैं यों कढ़ी।
दैव ! मेरे भाग्य में है क्या बढ़ा
मैं बचूँगी या मिलूँगी धूल में
जल उठूँगी गिर अँगारें पर किसी
चूँ पड़ूँगी या कमल के फूल में ।
बह पड़ी उस काल इक ऐसी हवा
वह समंदर ओर आई अनमनी ।
एक सुन्दर सीप का मुँह था खुला
वह उसी में जा रही मोती बनी ।

उपर्युक्त काव्यांश के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दिए गए विकल्पों में से छाँटकर लिखिए :

(क) आह ! शब्द किस भाव को व्यक्त करता है ? **1**

(i) दु:ख का भाव

(ii) खुशी का भाव

(iii) सुख का भाव

(iv) बुझे मन का भाव

(ख) बूंद की चिन्ता का विषय क्या है ? **1**

(i) गिरने का डर

(ii) अतीत के बुरे ख्याल

(iii) वर्तमान स्थिति

(iv) भविष्य की चिन्ता

(ग) बूँद के साथ किन लोगों की समानता दिखाई देती है? **1**

(i) जो अनिश्चय की स्थिति में रहते हैं।

(ii) जो निराश हैं।

(iii) जो वर्तमान से घिरे रहते हैं।

(iv) जो आलसी हैं।

(घ) कवि ने किस सोच पर बल दिया है? **1**

(i) डर की सोच

(ii) गलत विचारों की सोच

(iii) सकारात्मक सोच

(iv) नकारात्मक सोच

(ङ) मोती बनने का क्या आशय है? **1**

(i) सुखद अहसास होना

(ii) लक्ष्य मिलना

(iii) जीवन का अन्त होना

(iv) अधूरी मंज़िल मिलना

4. अपठित काव्यांश

भई सूरज जरा इस आदमी को जगाओ
भई पवन जरा इस आदमी को हिलाओ
यह आदमी, जो सोया पड़ा है
जो सच से बेखबर,
सपनों में खोया पड़ा है ।
भई पंछी
इसके कानों पर चिल्लाओ ।
भई सूरज! जरा इस आदमी को जगाओ
वक्त पर जगाओ –
नहीं तो बेवक्त जागेगा यह
तो जो आगे निकल गए हैं

उन्हें पाने घबरा के भागेगा यह!

भागना अलग है

क्षिप्र गति अलग है

क्षिप्र तो वह है, जो सही क्षण में सजग है

सूरज इसे जगाओ, पवन इसे हिलाओ

पंछी इसके कानों पर चिल्लाओ ।

उपर्युक्त काव्यांश के आधार पर दिए गए प्रश्नों के नीचे दिए गए विकल्पों से उचित विकल्प छाँटकर लिखिए :

(क) कवि किससे जगाने की गुहार नहीं कर रहा ? **1**

(i) सूरज

(ii) चाँद

(iii) पवन

(iv) पंछी

(ख) सोया पड़ा आदमी _____ से बेखबर है । (सही शब्द से वाक्य पूरा करें) **1**

(i) खुद

(ii) घर-परिवार

(iii) सच

(iv) समाचार

(ग) बेवक्त जागने का क्या दुष्परिणाम होगा ? **1**

(i) व्यक्ति परेशान हो जाएगा ।

(ii) व्यक्ति इधर उधर भागेगा ।

(iii) निराश हो जाएगा ।

(iv) आगे जाने वालों को पाने के लिए भागेगा ।

(घ) क्षिप्र गति का क्या अर्थ है ? **1**

(i) तेज दौड़ना

(ii) समय पर सोना

(iii) तुरन्त काम करना

(iv) सही समय पर जागरुक होना

(ङ) कवि मानव को क्यों जगाना चाहता है ? **1**

(i) सच से बेखबर रखने के लिए

(ii) निराश रखने के लिए

(iii) जीवन को सार्थक व उन्नत बनाने के लिए

(iv) आराम से काम करने के लिए

खंड 'ख'

5. (क) निम्नलिखित में से सर्वनाम का भेद नहीं होता – 1

(i) पुरुष वाचक

(ii) अनिश्चय वाचक

(iii) काल वाचक

(iv) निज वाचक

(ख) नीना के पिताजी एक प्रसिद्ध व्यापारी हैं। रेखांकित को कहेंगे – 1

(i) सर्वनाम

(ii) शब्द

(iii) विशेषण

(iv) पद

(ग) शिरडी के साई मन्दिर में अनेक भक्त आते हैं। 1

रेखांकित में पदबन्ध का भेद है :

(i) संज्ञा पदबन्ध

(ii) क्रिया पदबन्ध

(iii) सर्वनाम पदबन्ध

(iv) विशेषण पदबन्ध

(घ) विशेषण पदबन्ध का उदाहरण है – 1

(i) नदी बहती चली जा रही है ।

(ii) पाकिस्तान से आए लोग अमृतसर गए हैं ।

(iii) कश्मीर से कन्याकुमारी तक भारत एक है ।

(iv) तेज चलने वाली गाड़ी की दुर्घटना हो गई ।

6. (क) मेरी अध्यापिका लाल गुलाब पसन्द करती हैं । उचित पद परिचय है – 1

(i) परिमाण वाचक विशेषण, स्त्रीलिंग, एकवचन, गुलाब संज्ञा की विशेषता ।

(ii) गुणवाचक विशेषण, पुल्लिंग, एकवचन, गुलाब–विशेष्य की विशेषता ।

(iii) गुणवाचक विशेषण, स्त्रीलिंग, बहुवचन, गुलाब की विशेषता ।

(iv) परिमाण वाचक विशेषण, पुल्लिंग, एकवचन, गुलाब की विशेषता ।

(ख) हम अपने देश पर मर मिटेंगे । रेखांकित का पद परिचय है – 1

(i) जातिवाचक संज्ञा, पुल्लिंग, एकवचन, अधिकरणकारक

(ii) व्यक्तिवाचक संज्ञा, पुल्लिंग, एकवचन, अधिकरणकारक

(iii) जातिवाचक संज्ञा, स्त्रीलिंग, एकवचन, अधिकरणकारक

(iv) जातिवाचक संज्ञा, स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्मकारक

(ग) जो डर कर काम करते हैं, वे जीवन में सफल नहीं होते । रचना के आधार पर वाक्य भेद है – 1

(i) संदेह वाचक

(ii) सरल वाक्य

(iii) मिश्रित वाक्य

(iv) संयुक्त वाक्य

(घ) मैं दिल्ली गया । मैंने कुतुबमीनार देखी । इन वाक्यों से बना संयुक्त वाक्य है । 1

(i) मैंने दिल्ली जाकर कुतुबमीनार देखा ।

(ii) मैं दिल्ली में कुतुबमीनार देखने गया ।

(iii) मैं दिल्ली गया और कुतुबमीनार देखी ।

(iv) मैंने दिल्ली में कुतुबमीनार देखा ।

7. (क) दुकानदार ने ग्राहक के लिए चाय मँगवाई । 1

प्रस्तुत सरल वाक्य से बना मिश्रित वाक्य है –

(i) दुकानदार ने चाय मँगवाई वह ग्राहक के लिए थी ।

(ii) दुकानदार ने चाय मँगवाई और वह ग्राहक के लिए थी ।

(iii) दुकानदार ने जो चाय मँगवाई वह ग्राहक के लिए थी ।

(iv) ग्राहक ने दुकानदार से कहकर चाय मँगवाई ।

(ख) निम्नलिखित वाक्यों में संयुक्त वाक्य है – 1

(i) प्रथम आने वाला पुरस्कार पाएगा ।

(ii) हो सकता है कि दादाजी अमरनाथ जाएँ ।

(iii) नेता जी ने लम्बा भाषण दिया ।

(iv) पंचों को सामान खरीदना था इसलिए पटना गए ।

(ग) पुष्पावली का सन्धि विच्छेद है – 1

(i) पुष + पावली

(ii) पुष्प + अवली

(iii) पुष्पा + वली

(iv) पुष्पाव + ली

(घ) अनु + अय की सन्धि है – 1

(i) अन्वय

(ii) अनुनय

(iii) अनुअय

(iv) अन्य

8. (क) परि + आवरण की सन्धि है – 1

(i) परिवरण

(ii) परिआवरण

(iii) पर्यावरण

(iv) परीवरण

(ख) 'तुलसी लिखित' समस्त पद का विग्रह है – 1

(i) तुलसी का लिखित

(ii) तुलसी से लिखित

(iii) तुलसी के द्वारा लिखित

(iv) तुलसी का लिखा हुआ

(ग) 'अंधा है जो कूप' का समस्त पद है – 1

(i) अंधकूप

(ii) अंधाकूप

(iii) अंधकूपा

(iv) कूपअंधा

(घ) निम्नलिखित में से किस समस्त पद में तत्पुरुष समास है? 1

(i) राजीवलोचन

(ii) लघुकथा

(iii) त्रिभुवन

(iv) यज्ञशाला

9. (क) नितिश इतना बुद्धिमान तो नहीं है लेकिन कभी _____ जाती है ।

(रिक्त स्थान में उचित मुहावरा लिखिए।) **1**

(i) अंधे के हाथ बटेर लगना

(ii) अंधा चोट निशाना पड़ना

(iii) एक और एक ग्यारह

(iv) पाँचो अँगुली घी में

(ख) 'आँखें फोड़ना' मुहावरे का अर्थ है – **1**

(i) बड़े ध्यान से पढ़ना

(ii) लालच करना

(iii) मेहनत करना

(iv) बहुत कष्ट झेलना

(ग) लॉटरी निकल आने पर पूरे गाँव में रामू की _____ लगी । (उचित मुहावरा छाँटिए) **1**

(i) मुँह न खुलना

(ii) खुल कर बातें करना

(iii) तूती बोलना

(iv) हक्का-बक्का रह जाना

(घ) 'अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ सकता' लोकोक्ति का उचित अर्थ है – **1**

(i) बहुत ऊँचा

(ii) संगठन में ही शक्ति होती है ।

(iii) प्रभावशाली होना।

(iv) पड़ाव डालना।

खंड 'ग'

10. किसी एक काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उचित विकल्प चुनकर लिखिए –

अब तो बहरहाल
छोटे लड़कों की घुड़सवारी से अगर यह फारिग हो
तो उसके ऊपर बैठकर
चिड़ियाँ ही अकसर करती है गपशप
कभी–कभी शैतानी में वे इसके भीतर भी –
घुस जाती हैं, खास कर गौरैयें
वे बताती है कि दरअसल कितनी भी बड़ी हो तोप
एक दिन तो होना ही है उसका मुँह बंद।

(क) अब यह तोप किस काम आती है ? **1**

(i) युद्ध लड़ने के
(ii) शक्ति प्रदर्शन के
(iii) छोटे लड़कों की घुड़सवारी के
(iv) इनमें से कोई नहीं

(ख) तोप के ऊपर बैठकर कौन गपशप करती हैं? **1**

(i) चिड़ियाँ
(ii) बच्चे
(iii) सैलानी
(iv) विद्यालय के छात्र

(ग) गौरैया तोप में घुसकर क्या बताती हैं? **1**

(i) अहंकार कभी समाप्त नहीं होता है ।
(ii) शक्तिशाली का अंत अवश्य होता है ।
(iii) अहंकार में चूर रहना चाहिए ।
(iv) शक्तिशाली का कभी अंत नहीं होता ।

(घ) यह तोप किसके बारे में बताती है ? **1**

(i) इतिहास के बारे में
(ii) शक्ति के बारे में
(iii) प्राचीन गाथा के बारे में
(iv) अपने अतीत और वर्तमान के बारे में

(ङ) यह तोप किन पर हुए जुल्मों की दास्तान कहती है ? **1**

(i) भारतीयों पर

(ii) सैनिकों पर

(iii) मज़दूरों पर

(iv) विदेशियों पर

अथवा

निंदक नेड़ा राखिये, आँगणि कुटी बँधाई ।
बिन साबण पाँणी बिना, निरमल करै सुभाई ।।
जब मैं था तब हरि नहीं अब हरि हैं मैं नाँहि ।
सब अँधियारा मिटि गया, जब दीपक देख्या माँहि ।।

(क) कवि ने क्या परामर्श दिया है ? **1**

(i) निंदक को पास रखने का

(ii) आँगन में कुटी बनाने का

(iii) बिना साबुन नहाने का

(iv) स्वभाव निर्मल करने का

(ख) निंदक लाभदायक है क्योंकि वह – **1**

(i) पास रहता है।

(ii) कमियाँ बताता है ।

(iii) हीन भावना उपजाता है ।

(iv) स्वभाव को निर्मल बनाता है ।

(ग) 'जब मैं था' का अर्थ है – **1**

(i) मैं विद्यमान था ।

(ii) भगवान था ।

(iii) अहंकार था ।

(iv) स्वार्थ था ।

(घ) ईश्वर की प्राप्ति कब हुई ? **1**

(i) मैं की उपस्थिति में

(ii) हीन भावना की उपस्थिति में

(iii) अहंकार रहित होने पर

(iv) अज्ञान रहित होने पर

(ङ) अंधियारा कब मिट गया ? **1**

(i) ज्ञान का दीपक जलने पर

(ii) अहंकार मिटने पर

(iii) स्वार्थ रहित होने पर

(iv) ईश्वर की प्राप्ति पर

11. निम्नलिखित में से दो प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए । **2x2.5=5**

(क) बड़े भाई के अनुसार जीवन की समझ कैसे आती है ?

(ख) पुलिस कमिश्नर के नोटिस और कौंसिल के नोटिस में क्या अन्तर था ?

(ग) ततॉंरा क्यों प्रसिद्ध था ? उसकी तलवार के बारे में लोगों का क्या मत था ?

(घ) राजकपूर द्वारा फिल्म की असफलता के खतरों से आगाह करने पर भी शैलेन्द्र ने यह फिल्म क्यों बनाई ?

12. शैलेन्द्र के गीतों की क्या विशेषताएँ हैं? अपने शब्दों में लिखिए। **5**

अथवा

बड़े भाई की डांट-फटकार अगर न मिलती, तो क्या छोटा भाई कक्षा में अव्वल आता ? अपने विचार प्रकट कीजिए ।

13. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

सुभाष बाबू को पकड़ लिया गया और गाड़ी में बैठाकर लाल बाज़ार लॉकअप में भेज दिया गया । कुछ देर बाद ही स्त्रियाँ जुलूस बना कर वहाँ से चलीं । साथ में बहुत बड़ी भीड़ इकट्ठी हो गई । बीच में पुलिस कुछ ठंडी पड़ी थी उसने फिर डंडे चलाने शुरू कर दिए । अब की बार भीड़ ज्यादा होने के कारण बहुत आदमी घायल हुए । धर्मतल्ले के मोड़ पर आकर जुलूस टूट गया और करीब 50-60 स्त्रियाँ वहीं मोड़ पर बैठ गई । पुलिस ने उनको पकड़कर लॉकअप में भेज दिया । स्त्रियों का एक भाग आगे बढ़ा जिसका नेतृत्व विमल प्रतिभा कर रहीं थी । उनको बहू बाजार के मोड़ पर रोका गया और वे वही मोड़ पर बैठ गई । आस पास बहुत बड़ी भीड़ इकट्ठी हो गई जिस पर पुलिस बीच-बीच में लाठी चलाती थी ।

(क) धर्म तल्ले के मोड़ पर आकर जुलूस क्यों टूट गया ? **2**

(ख) लाल बाजार आने पर लोगों की क्या दशा हुई ? **2**

(ग) विमल प्रतिभा कौन थीं? **1**

अथवा

दोनों रोज उसी जगह पहुँचते और मूर्तिवत एक दूसरे को निर्निमेष ताकते रहते । बस भीतर समर्पण था जो अनवरत गहरा रहा था । लपाती के कुछ युवकों ने इस मूक प्रेम को भाँप लिया और खबर हवा की तरह बह उठी । वामीरो लपाती ग्राम की थी और ततॉंरा पासा का । दोनों का सम्बन्ध असंभव था । रीति अनुसार दोनों को एक ही गाँव का होना आवश्यक था । वामीरो और ततॉंरा को समझाने बुझाने के कई प्रयास हुए किन्तु दोनों अडिग रहे । वे नियमत: लपाती के उसी समुद्री किनारे पर मिलते रहे । अफवाहें फैलती रहीं ।

(क) ततॉंरा और वामीरों के गाँव की क्या रीति थी ? **2**

(ख) ततॉंरा और वामीरो नियमत: कहाँ मिलते थे ? **1**

(ग) गाँव वालों ने उनके सम्बन्ध के बारे में जानकर क्या किया ? **2**

14. (क) 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता का क्या प्रतिपाद्य है ? 2.5

(ख) मीराबाई ने कृष्ण के रूप सौन्दर्य का वर्णन कैसे किया है ? 2.5

15. हरिहर काका कहानी के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि लेखक ने यह क्यों कहा है कि 'अज्ञान की स्थिति में ही मनुष्य मृत्यु से डरते हैं'। ज्ञान होने के बाद आदमी आवश्यकता पड़ने पर मृत्यु को वरण करने के लिए तैयार हो जाता है।' 3

अथवा

समाज में रिश्तों की क्या अहमियत है ? स्पष्ट करें।

16. हरिहर काका के साथ उनके भाइयों का व्यवहार कैसे बदल गया? 2

खंड 'घ'

17. दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए - 5

(क) करत-करत अभ्यास के जड़मति होत सुजान

- अर्थ
- उदाहरण
- अभ्यास का महत्व

(ख) प्रदूषण : एक समस्या

- प्रदूषण के प्रकार
- कारण
- दूर करने के उपाय

(ग) मेट्रो, सुविधाजनक सवारी

- मेट्रो के लाभ
- बड़े राज्य में स्वरूप
- वर्तमान स्थिति

18. आपके पड़ोस की बिजली की दुकान में ऊँची आवाज में दिन रात गाने बजते रहते हैं। इससे होने वाली असुविधा की शिकायत करते हुए अपने क्षेत्र के थानाध्यक्ष को पत्र लिखिए । 5

अथवा

आप अपने विद्यालय की वाद-विवाद प्रतियोगिता में भाग लेना चाहते हैं, इस प्रार्थना के साथ अपने प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए ।

- o O o -